राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–242/2024

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से युवाओं एवं महिलाओं को जोड़ें– राज्यपाल

पटना, 22 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के राजेन्द्र मंडप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, बिहार के विभिन्न जिला एवं उप जिला शाखाओं के पदधारकों एवं स्वयंसेवकों (Volunteers) के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से युवाओं एवं महिलाओं को जोड़ने तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु महिलाओं के टीकाकरण में सहयोग करने को कहा।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले महीनों में बिहार के कई जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित रहे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों ने उन क्षेत्रों के गाँवों में जाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद की। उनका यह कार्य अत्यन्त सराहनीय और प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एक सम्मानजनक और प्रगतिशील संस्था है तथा यह मानवता की सेवा में समर्पित है। इसके स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे युवा स्वयंसेवकों को जोड़ें ताकि उनमें मानव सेवा का भाव दृढ़ हो सके। इस कार्य में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी सहयोग करना चाहिए। राज्यपाल ने महिलाओं को रेड क्रॉस सोसाइटी का सदस्य बनाने पर जोर देते हुए कहा कि उनमें क्षमता, लगन और सेवा भाव होता है।

राज्यपाल ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवक टी०बी० मुक्त भारत अभियान से जुड़ें तथा वर्ष 2025 तक टी०बी० मुक्त करने हेतु नि–क्षय मित्र बनें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्वयं 51 टी०बी० मरीजों को गोद लिया है। उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु महिलाओं के टीकाकरण में सहयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक जिला शाखा कम–से–कम 2000 बच्चियों का टीकाकरण करवाये।

उन्होंने जिले के संगठन को मजबूत बनाने तथा काम करनेवालों को अवसर प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला शाखा की समस्याओं का समाधान संबंधित जिलाधिकारी के सहयोग से करें। स्वयंसेवकों का काम निष्काम भाव से सेवा करना है। उनके कार्य की महत्ता को कोई समझे या नहीं, परन्तु ईश्वर उनका संज्ञान जरूर लेते हैं। उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, बिहार को एक नयी ऊँचाई पर ले जाने का आवाहन किया ताकि यह अन्य राज्यों की शाखाओं के लिए एक उदाहरण बन सके।

आगे पृष्ठ.... 2 पर

कार्यक्रम में विभिन्न जिला शाखाओं और उप जिला शाखाओं से आये पदधारकों और स्वयंसेवकों ने अपने विचार व्यक्त किये तथा वहाँ की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने अपने सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, बिहार के विभिन्न जिला शाखाओं एवं उप शाखाओं से आये पदाधिकारीगण एवं स्वयंसेवकगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....